कार्यालय, आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी०टी०नगर, भोपाल

कमांक / प्रशासन / भंडार / आविभो / 016 / 2026 भोपाल, दिनांक 06 / 04 / 2026

Tender Document
Technical-Cum-Commercial Bid

1. आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी.टी. नगर भोपाल में प्राचार्य, विद्यालयीन, कार्यालयीन कार्यों हेतु 01 चार पहिया वाहन Maruti Ciaz & Hyundai Verna सत्र 2026–2027 हेतु किराए पर लिये जाना है। उपरोक्त वाहन 2022 के बाद के मॉडल, प्रतिमाह 1000 से 1500 कि.मी. की रनिंग, वाहन चालक रहित दरें आमंत्रित की जाती है।
2. आदर्श विद्यालय भोपाल में चार पहिया वाहन सेवाऐं संतोषजनक पायी जाती है। तो समान शर्तों और स्वीकृत दर पर दोनों पक्षों की आपसी सहमति अथवा नवीन रूप से दरें स्वीकृत होने अधिकतम रूप से चार पहिया वाहन सेवाऐं आगामी 3 माह की अवधि हेतु बढायी जा सकती है।
3. चार पहिया वाहन का मेंटनेंस, डीजल / पेट्रोल रिफलिंग संबंधित ट्रेवल्स एजेंसी द्वारा किया जावेगा। विद्यालय द्वारा मान्य दर पर मासिक रूप से भुगतान किया जावेगा।
4. यह आमंत्रण ऐसे ट्रेवल्स एजेंसी और व्यक्तियों के लिए खुला है, जिनके पास ट्रेवल्स कार्य के क्षेत्र में निम्नतम 03 वर्ष का अनुभव है। एवं वर्तमान में मध्यप्रदेश के किसी सरकारी विभाग / निगम मंडल, अन्य उपक्रम एवं व्यवसायिक संस्था को किराये पर वाहन सेवाऐं प्रदान कर रहा है।
5. कोटेशनों में उल्लेखित दर किराये पर वाहन व्यवस्था हेतु ट्रेवल्स एजेंसी के चयन के लिए एकमात्र मापदंड नहीं है। ऐसी ट्रेवल्स एजेंसी द्वारा प्रस्तुत निविदाऐं जिनके पास 03 वर्ष का अनुभव नहीं है। उन पर विचार नहीं किया जावेगा। एवं उनकी निविदाऐं अस्वीकार कर दी जावेगी।
6. चार पहिया वाहन सेवाऐं प्रदान करने हेतु संबंधित ट्रेवल्स एजेंसीयों को निर्धारित टेन्डर फार्म दिनांक 07 / 04 / 2026 से 21 / 04 / 2026 तक कार्यालयीन समय अपरान्ह 12:00 से 03:00. बजे तक विद्यालय वेबसाईट में उल्लेखित शुल्क राशि पर प्राप्त करना होगा। एवं उसी अवधि में विद्यालय में उपलब्ध वर्तमान में सेवाऐं दे रही ट्रेवल्स एजेंसी के वाहन की कंडीशन का अवलोकन किया जा सकता है। दिनांक 21 / 04 / 2026 को Maruti Ciaz & Hyundai Verna 2022 मॉडल के बाद के वाहन लेकर उपस्थित होना होगा।
7. चार पहिया वाहन सेवाऐं प्रदान करने हेतु संबंधित ट्रेवल्स एजेंसीयों से प्राप्त निविदाऐं दिनांक 21 / 04 / 2026 को अपरान्ह 04:30 बजे सार्वजनिक रूप से विद्यालय कक्ष में प्राचार्य महोदया, समिति सदस्यों एवं ट्रेवल्स एजेंसीयों प्रोपराईटर्स / प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जावेगी। जिसके पूर्व विद्यालय समिति द्वारा Maruti Ciaz & Hyundai Verna वाहनों के दस्तावेज, वाहन कंडीशन का परीक्षण कर निर्णय लिया जावेगा।

8. चार पहिया वाहन सेवा अवधि दिनांक 01/05/2026 से 30/04/2027 के लिए मान्य होगी। एवं सेवाऐं संतोषप्रद पाए जाने व आपसी सहमति पर आगामी 03 माह तक कार्य सेवाओं में वृद्धि की जा सकेगी।

9. चार पहिया वाहन सेवाओं हेतु ट्रेवल्स एजेसी को भुगतान स्वीकृत मान्य दरों पर वाहन सेवाऐं संतोषप्रद समिति की पुष्टि के आधार पर नियमानुसार समयसीमा में मासिक रूप से की जावेगी।

10. चार पहिया वाहन सेवाऐं कार्य हेतु दायित्वों का समयसीमा में निर्वहन न किए जाने पर वाहन सेवाऐं समाप्ति का प्राचार्य को विशेषाधिकार होगा।

उपप्राचार्य आदर्श उ. मा. विद्यालय टी. टी. नगर भोपाल	प्राचार्य आदर्श उ. मा. विद्यालय टी. टी. नगर भोपाल